Title: Need to clear the proposal of Bihar Government for setting up of more power plants to enhance power generation and rural electrification.

श्री राजो सिंह (बेगूसराय) : सभापति जी, विभाजन के बाद पूरे बिहार में एन.टी.पी.सी. का केवल एक पावर स्टेशन कहलगांव में है। विद्युत उत्पादन की कुल स्थापित क्षमता का 63 प्रतिशत झारखंड में चला गया है। इसलिए यह आवश्यक हो गया है कि शो बिहार में अतिरिक्त विद्युत क्षमता स्थापित की जाए और मौजूदा विद्युत उत्पादन प्रतिठानों की क्षमता को बढ़ाया जाये। मुजफ्फरपुर थर्मल पावर प्लांट और बरौनी थर्मल पावर प्लांट के विस्तार की आवश्यकता है। केन्द्रीय बिजली प्राधिकरण मुजफ्फरपुर थर्मल पावर प्लांट तथा निजी क्षेत्र में नबीनगर में एक सुपर थर्मल पावर प्लांट की परियोजना को यदि अमल में लाया जाता है तब जाकर बिहार में 10,000 मेगावाट बिजली के उत्पादन की क्षमता प्राप्त हो सकती है और चौमुखी विकास के रास्ते में आने वाली प्रमुख अड़चनों में से बिजली संबंधी एक प्रमुख अड़चन को दूर किया जा सकता है। इसके अलावा मौजूदा ट्रांसमिशन एवं वितरण प्रणाली के सुदृढ़ीकरण एवं नये ट्रांसमीशन तथा वितरण नेटवर्क स्थापित करने की जरूरत है। इसकी अर्त्येत आवश्यकता विशो रूप से ग्रामीण विद्युतीकरण क्षेत्र में है।

मैं सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृट करना चाहता हूं कि बिहार राज्य में विद्युत की समस्या का निदान शीघ्र कराने तथा इसके अतिरिक्त बेगूसराय संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए बिहार सरकार ने जो प्रस्ताव केन्द्र सरकार के पास भेजा है उस प्रस्ताव पर शीघ्रातिशीघ्र काम कराने का आग्रह करता हूं।